1. निम्नलिखित में से किन नेताओं का मत था कि लॉर्ड डफरिन ने भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस को एक सेफटी वाल्व के रूप में देखा?
(अ) लाला लाजपत राय एवं डब्ल्यू.सी.बनर्जी
**(ब) लाला लाजपत राय एवं सी.पी.दत्त** (स) गोपालकृष्ण गोखले एवं तिलक
(द) फिरोजशाह मेहता एवं दादा भाई नौरोजी
2. भारत में बारहवीं पंचवर्षीय योजना की अवधि कितनी है?
(अ) 1996-2001 **(ब) 2012-2017**
(स) 1998-2003 (द) 1999-2004
3. कांग्रेस संगठन की आरम्भिक माँगे थीं?
(अ) अधिक संख्या में जनता के प्रतिनिधियों को शामिल करना
(ब) शस्त्र अधिनियम की समाप्ति
(स) आई.सी.एस.परीक्षा का इंग्लैण्ड एवं प्रथम में एक साथ आयोजन
**(द) उपरोक्त सभी**
4. फील्ड मार्शल की पदवी पाने वाले प्रथम भारतीय कौन है?
(अ) करियप्पा (ब) बेबूर **(स) मानेकशॉ** (द) इनमें से कोई नहीं
5. आर.डी.बनर्जी द्वारा मोहनजोदड़ो की खोज कब हुई थी?
(अ) 1923ई. (ब) 1924ई. **(स) 1922ई.** (द) 1919ई.
6. भारत से बर्मा कब अलग किया गया है?
(अ) 1930ई. **(ब) 1937ई.** (स) 1942ई. (द) 1947ई.
7. भारत का प्रामणिक देशान्तर कितना है?
**(अ) 82 1/2डिग्री** (ब) 84 1/2 डिग्री
(स) 86 1/2 डिग्री (द) 87 1/2 डिग्री
8. आजाद हिन्द फौज का गठन कब हुआ?
(अ) 1939ई. **(ब) 1943ई.** (स) 1943ई. (द) 1945ई.
9. माउण्ट एवरेस्ट पर पहली बार विजय कब हुई?
**(अ) मई,1953** (ब) जून,1953 (स) जुलाई,1953 (द) अगस्त,1953
10. मार्टिन लूथर किंग कहाँ के निवासी थे?
(अ) केनिया (ब) नामीबिया **(स) यू.एस.ए.** (द) इंग्लैण्ड
11. जलियाँवाला बाग हत्याकाण्ड के समय वायसराय कौन थे?
(अ) केनिंग **(ब) चेम्सफोर्ड** (स) रिपन (द) कर्जन
12. दक्षिण अफ्रीका में गाँधी जी के अंग्रेज अनुयायी कौन थे?
**(अ) एण्डूज** (ब) पोलक (स) पीटरसन (द) कोई नहीं
13. अकबरनामा किसने लिखी है?
**(अ) अबुल फजल** (ब) इब्नबतूता (स) बदायूँनी (द) अकबर
14. भारतीय राजनीति में महात्मा गाँधी का अवतरण किस आन्दोलन से हुआ?
(अ) दाण्डी मार्च (ब) असहयोग **(स) चम्पारण** (द) भारत छोड़ो
15. पोखरण, जहाँ आणविक परीक्षण किए गए किस राज्य में अवस्थित है?
(अ) पंजाब **(ब) राजस्थान** (स) गुजरात (द) जम्मू-कश्मीर
16. किस पुस्तक से वन्दे मातरम उद्धत है ?
(अ) कामायनी (ब) कादम्बरी **(स) आनन्दमठ** (द) चन्द्रगुप्त
17. वाल्मीकि ने रामायण की रचना किस भाषा में की थी?
(अ) हिन्दी **(ब) संस्कृत** (स) अवधी (द) मैथिली
18. तुलसीदास ने रामचरितमानस की रचना किस भाषा में की थे?
(अ) हिन्दी (ब) संस्कृत **(स) अवधी** (द) मैथिली
19. जय जवान, जय किसान का नारा किसने दिया था?
(अ) इन्दिरा गाँधी **(ब) लाल बहादुर शास्त्री** (स) बाल गंगाधर तिलक (द) नेहरू
20. जय जवान, जय किसान, जय विज्ञान का नारा किसने दिया था?
(अ) इन्दिरा गाँधी (ब) राजीव गाँधी
(स) लाल बहादुर शास्त्री **(द) अटल बिहारी वाजपेयी**
21. संविधान का उद्धेश्य प्रस्ताव किसने प्रस्तुत किया–
(अ) सरदार वल्लभ भाई पटेल (ब) डॉ. राजेन्द्र प्रसाद
**(स) पंडित जवाहर लाल नेहरू** (द) डॉ. भीमराव अम्बेडकर
22. प्रधानमंत्री के रूप में सबसे लंबा कार्यकाल रहा–
**(अ) पंडित जवाहरलाल नेहरू** (ब) श्रीमती इंदिरा गांधी
(स) डॉ. मनमोहन सिंह (द) श्री अटल बिहारी वाजपेयी का
23. स्पाइस पार्क कहां पर विकसित किया जाएगा?
**(अ) रामगंज मण्डी** (ब) राजसमंद
(स) हनुमानगढ़ (द) कुशलगढ़
24. राजस्थान सरकार ने किन दो शहरों को महानगर क्षेत्र घोषित किया है?
(अ) अजमेर तथा उदयपुर (ब) अजमेर तथा जयपुर
**(स) जयपुर तथा जोधपुर** (द) इनमें से कोई नहीं
25. राजस्थान के विख्यात इतिहासकार जो एक समाज सुधारक भी थे–
(अ) मानकरण शारदा **(ब) हरविलास शारदा**
(स) गुरुमुख निहाल सिंह (द) जमना लाल बजाज
26. किस विधानसभा से राज्य में राज्यमंत्री और संसदीय सचिव की व्यवस्था की गई?
(अ) दूसरी विधानसभा से **(ब) चौथी विधानसभा से**
(स) छठी विधानसभा से (द) आठवीं विधानसभा से
27. राज्य सरकार की मुख्य नीति निर्माण संस्था है–
(अ) विधानसभा (ब) राज्यमंत्रीमण्डल
**(स) सचिवालय** (द) इनमें से कोई नहीं
28. निम्न में से कौन सा जिला बीकानेर संभाग में नहीं है?
(अ) श्रीगंगानगर (ब) चूरू (स) बीकानेर **(द) नागौर**
29. वार्ड सभा अध्यक्ष की अनुपस्थिति में वार्ड सभा की अध्यक्षता कौन करता है?
(अ) उपवार्ड सभा अध्यक्ष (ब) उम्र में वरिष्ठ सभा सदस्य
**(स) वार्ड सभा सदस्यों द्वारा अपने में से ही बहुमत से निर्वाचित सदस्य**
(द) पंचायती विभाग द्वारा मनोनीत पंच
30. राज्य में बिजली के मीटर बनाने के लिए प्रसिद्ध फैक्ट्री है–
**(अ) जयपुर मेटल्स एण्ड इलेक्ट्रीकल्स, जयपुर**
(ब) मान इण्डस्ट्रिय कॉर्पोरेशन, जयपुर
(स) केप्स्टन मीटर कंपनी, जयपुर
(द) राजस्थान इलेक्ट्रोनिक्स कॉर्पोरेशन, जयपुर
31. राजस्थान में मावठ सम्बन्धित है–
(अ) उत्तरी–पूर्वी मानसून से (ब) बंगाल की खाड़ी के चक्रवातों से
(स) दक्षिणी–पश्चिमी मानसून से **(द) पश्चिमी विक्षोभों से**
32. जून माह में सूर्य किस जिले में लम्बवत् चमकता है?
(अ) बीकानेर **(ब) बांसवाड़ा**
(स) चित्तौड़गढ़ (द) उदयपुर
33. निम्न में से कौनसा कथन असत्य है?
(अ) राजस्थान के अधिकांश भागों में बालू मिट्टी पाई जाती है
(ब) बालू मिट्टी पानी को शीर्घ सोख लेती है।
**(स) वर्षा का जल रेतीली मिट्टी में शीघ्र विलीन नहीं होता है**
(द) राजस्थान की घग्घर जैसी नदी भी मिट्टी में विलीन हो जाती है।
34. राजस्थान में काला पत्थर निकाला जाता है–
**(अ) भैंसलाना में** (ब) मकराना में
(स) कोटा में (द) इनमें से कोई नहीं
35. राजस्थान में काले हिरण एवं कुरजां पक्षी के लिए प्रसिद्ध अभयारण्य है–
(अ) राष्ट्रीय मरूउद्यान **(ब) तालछापर अभयारण्य**
(स) केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान (द) टाटगढ़ रावली उद्यान
36. नागौर का 'सुहालक क्षेत्र' देशभर में किसके लिए प्रसिद्ध है?
**(अ) बैलों के लिए** (ब) ऊंटों के लिए
(स) गायों के लिए (द) भैंसों के लिए
37. राजस्थान में तम्बाकू का सबसे अधिक उत्पादन किस जिले में होता है?
**(अ) अलवर में** (ब) सिरोही में
(स) जोधपुर में (द) राजसमन्द में
38. महाकवि सूर्यमल्ल के संबंध में कौनसा कथन असत्य है?
(अ) वंशभास्कर बूंदी राज्य का पद्यात्मक इतिहास है
(ब) वंशभास्कर में चौहान राजाओं का वर्णन है।
(स) वे वीर रस के कवियों में से एक हस्ती थे
**(द) वे मारवाड़ के शासक जसवन्तसिंह के दीवान भी थे।**
39. 'भारतेश्वर बाहुबली घोर' ग्रन्थ राजस्थानी भाषा का सबसे प्राचीन ग्रन्थ है, इसके रचियता कौन है?
**(अ) ब्रजसेन सूरि** (ब) हरिभद्र सूरि (स) बुद्धिसागर सूरि (द) धनपाल
40. प्रतापगढ़, अजबगढ़, थानागाजी और बलदेवगढ़ में बोले जाने वाली बोली है–
(अ) नहेड़ा मेवाती **(ब) कठेर मेवाती**
(स) भयाना मेवाती (द) आरेज मेवाती

1. **आदित्य सीमेंट लि.** कहाँ स्थित है?
(अ) गोटन-नागौर (ब) खारिया खंगार-जोधपुर
(स) चित्तौड़गढ़ (द) पिंडवाड़ा-सिरोही **(स)**

2. पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी जान देने वाली अमृता देवी की स्मृति में **खेजड़ली शहीद मेला** कब मनाया जाता है?
(अ) भाद्रपद शुक्ला अष्टमी
(ब) कार्तिक शुक्ल दशमी
(स) आषाढ़ शुक्ला दशमी
(द) भाद्रपद शुक्ल दशमी **(द)**

3. निम्नलिखित में से **सुमेलित युग्म** छांटिए-

| **संस्था/संगठन** | **संस्थापक** |
|---|---|
| 1. सम्प सभा (सभ्य सभा)-सिरोही | - स्वामी गोविन्द गुरु |
| 2. जैन वर्धमान विद्यालय-जयपुर | - अर्जुनलाल सेठी |
| 3. वीर भारत सभा | - केसरी सिंह बारहठ |
| 4. वीर भारत समाज | - विजय सिंह पथिक |
| 5. चरखा संघ- जयपुर | - जमनालाल बजाज |

(अ) 1, 2, 4 (ब) 1, 3, 4
(स) 1, 2, 5 (द) उपर्युक्त सभी सत्य **(द)**

**व्याख्या**- ज्ञातव्य है कि **सम्प सभा** की स्थापना **1883 ई.** में, जैन वर्धमान विद्यालय की स्थापना **1907 ई.** में, वीर भारत सभा की स्थापना **1910 ई.** में तथा चरखा संघ की स्थापना **1927 ई.** में की गई।

4. निम्नलिखित में से **सुमेलित युग्म** छांटिए-

| **दरगाह /महल** | **जिस दुर्ग में स्थित हैं** |
|---|---|
| 1. पीर सदरुद्दीन की दरगाह | - रणथम्भौर का दुर्ग (सवाईमाधोपुर) |
| 2. मीरान साहब की दरगाह | - तारागढ़ का दुर्ग (अजमेर) |
| 3. हाड़ा रानी का महल (मोती महल) | - नागौर का दुर्ग (नागौर) |
| 4. मिट्ठे साहब की दरगाह | - गागरोण का दुर्ग (झालावाड़) |

(अ) 2 (ब) 4
(स) 2, 4 (द) उपर्युक्त सभी सत्य **(द)**

**व्याख्या**- ज्ञातव्य है कि रणथम्भौर का दुर्ग **'दुर्गों का राजा'** कहा जाता है। रणथम्भौर के लिए अबुल **फजल** ने लिखा है- 'अन्य दुर्ग नंगे हैं जबकि यह दुर्ग बख्तर बन्द है।'

- ☞ तारागढ़ के दुर्ग को **'गढ़बीठली'** भी कहा जाता है।
- ☞ नागौर का दुर्ग **धान्वन** दुर्ग है।
- ☞ गागरोण का दुर्ग **कालीसिंध** और **आहू नदी** पर स्थित जल दुर्ग है। इसका निर्माण परमारों ने करवाया। इसे **'धूलरगढ़'** भी कहते हैं।

5. पत्रकारिता के क्षेत्र में **'प. झाबरमल शर्मा शोध संस्थान'** की स्थापना वर्ष 2000 में राज्य में कहाँ पर की गई?
(अ) जोधपुर (ब) जयपुर
(स) अजमेर (द) बीकानेर **(ब)**

6. निम्नलिखित में से **सुमेलित** युग्म छांटिए-

| **किले** | **अन्य नाम** |
|---|---|
| 1. हनुमानगढ़ का किला | - भटनेर का किला |
| 2. बीकानेर का किला | - जूनागढ़ का किला |
| 3. जालौर का किला | - सुवर्णगिरी, सोनलगढ़ |
| 4. जैसलमेर का किला | - स्वर्णगिरी, सोनारगढ़ |
| 5. जोधपुर का किला | - मेहरानगढ़, मयूरध्वजगढ़ |

(अ) 1, 2, 4 (ब) 1, 2, 3, 4
(स) 1, 2, 4, 5 (द) उपर्युक्त सभी सत्य **(द)**

7. निम्नलिखित में से कौन **सुमेलित नहीं** है?
(अ) गींदड़ नृत्य - शेखावाटी में होली के अवसर पर किया जाने वाला पुरुष प्रधान नृत्य
(ब) डांडिया नृत्य - मारवाड़ क्षेत्र में होली के बाद पुरुषों द्वारा किया जाने वाला नृत्य
(स) बम नृत्य - भरतपुर एवं अलवर में प्रचलित लोकनृत्य जो फाल्गुन माह में किया जाता है।
(द) घुड़ला नृत्य - बांगड़ क्षेत्र का प्रसिद्ध लोकनृत्य, जो स्त्रियों द्वारा किया जाता है। **(द)**

**व्याख्या**:- घुड़ला नृत्य जोधपुर क्षेत्र में स्त्रियों द्वारा किया जाता है।

8. निम्नलिखित में से **सुमेलित युग्म** छांटिए-

| **लघु उद्योग/ हस्त शिल्प** | | **स्थान** |
|---|---|---|
| 1. गोटा उद्योग | - | खण्डेला (सीकर) |
| 2. पेचवर्क | - | शेखावाटी |
| 3. काशीदायुक्त जूतियां | - | बडू (नागौर) |
| 4. बादला (पानी की बोतल) | - | जोधपुर |
| 5. ऊनी नमदें | - | टोंक |

(अ) 1, 2, 4 (ब) 1, 4, 5
(स) 1, 2, 4, 5 (द) उपर्युक्त सभी सत्य **(द)**

9. **'योजना अवकाश'** की अवधि का सम्बन्ध है-
(अ) 1965- 68 से (ब) 1966-69 से
(स) 1967-70 से (द) 1977-80 से **(ब)**

10. निम्नलिखित में से **सुमेलित युग्म** छांटिए-

| **मंदिर** | | **स्थान** |
|---|---|---|
| 1. नौ-ग्रहों का मंदिर | - | किशनगढ़ (अजमेर) |
| 2. सास-बहु (सहस्र-बाहु) का मन्दिर | - | नागदा (उदयपुर) |
| 3. किराडू के जैन मंदिर | - | बाड़मेर |
| 4. अर्थूणा के मंदिर | - | बांसवाड़ा |
| 5. अम्बिका देवी का मंदिर/ जगत मंदिर | - | उदयपुर |
| 6. महावीर जी का मंदिर | - | करौली |

(अ) 2, 3, 5 (ब) 1, 2, 3, 5
(स) 1, 2, 3, 4, 5 (द) उपर्युक्त सभी सत्य **(द)**

11. राजस्थान के संदर्भ में कौनसा विकल्प **सही** है?

| | | |
|---|---|---|
| (1) राज्य खेल | - | बास्केटबॉल |
| (2) राज्य फल | - | आम |
| (3) राज्य नृत्य | - | घूमर |
| (4) राज्य गीत | - | केसरिया बालम |

(अ) 1, 3 (ब) 2, 3
(स) 1, 2, 3 (द) उपर्युक्त सभी सत्य **(द)**

22. 2001 की जनगणना के मद्देनजर निम्नलिखित में से **सुमेलित (सत्य)** युग्म छांटिए-
(1) राजस्थान में सर्वाधिक ग्रामीण पुरुष साक्षरता दर वाला जिला - झुंझुनूं (86.36%)
(2) राजस्थान में न्यूनतम ग्रामीण पुरुष साक्षरता दर वाला जिला - बांसवाड़ा (57.49%)
(3) राजस्थान में सर्वाधिक ग्रामीण महिला साक्षरता दर वाला जिला - झुंझुनूं (59.80%)
(4) राजस्थान में न्यूनतम ग्रामीण महिला साक्षरता दर वाला जिला - बांसवाड़ा (27.78%)
(अ) 1 (ब) 1, 3
(स) 1, 2, 3 (द) उपर्युक्त सभी **(द)**

33. **नमदे** बनाने के लिए कौनसा जिला प्रसिद्ध है?
(अ) बीकानेर (ब) उदयपुर
(स) जयपुर (द) कोटा **(अ)**

44. 2001की जनगणना के मद्देनजर निम्नलिखित में से **सुमेलित (सत्य)** युग्म छांटिए-
(1) राजस्थान में सर्वाधिक शहरी पुरुष साक्षरता दर वाला जिला - उदयपुर (93.35%)
(2) राजस्थान में न्यूनतम शहरी पुरुष साक्षरता दर वाला जिला - धौलपुर (78.35%)
(3) राजस्थान में सर्वाधिक शहरी महिला साक्षरता दर वाला जिला - उदयपुर (78.29%)
(4) राजस्थान में न्यूनतम शहरी महिला साक्षरता दर वाला जिला - जालौर (47.97%)
(अ) 1 (ब) 1, 3
(स) 1, 2, 3 (द) उपर्युक्त सभी **(द)**

15. ई-पेशी से जुड़ने वाला भारत का दूसरा जिला, जहाँ कैदियों को न्यायालय में ले जाने की बजाय जेल से ही उनकी पेशी करवाई जाती है, वह है-
(अ) जयपुर (ब) जोधपुर
(स) उदयपुर (द) जैसलमेर **(ब)**

1. **मैंगनीज** बहुतायात से पाया जाता है-
(अ) अजमेर में (ब) बाँसवाड़ा में
(स) उदयपुर में (द) जयपुर में **(ब)**

2. किस मुख्यमंत्री का कार्यकाल सबसे अधिक लम्बा था?
(अ) अशोक गहलोत (ब) वसुंधरा राजे
(स) मोहनलाल सुखाड़िया (द) भैरोंसिंह शेखावत **(स)**

3. **दर्रा वन्य जीव अभ्यारण्य** किस जिले में स्थित है?
(अ) सीकर (ब) चूरू
(स) कोटा (द) करौली **(स)**

4. निम्न में से कौनसा ऊर्जा का परम्परागत स्रोत है?
(अ) सौर ऊर्जा (ब) खनिज तेल व प्राकृतिक गैस
(स) पवन ऊर्जा (द) भू-तापीय ऊर्जा **(ब)**

**व्याख्या-** ज्ञातव्य है कि **सौर ऊर्जा, पवन ऊर्जा, भू-तापीय ऊर्जा** आदि ऊर्जा के **गैर-परम्परागत** स्रोत हैं।

5. राजस्थान का अणु शक्ति प्रोजेक्ट किस देश की सहायता से स्थापित किया गया?
(अ) सं. राज्य अमेरिका (ब) सोवियत संघ
(स) कनाडा (द) जर्मनी **(स)**

**व्याख्या-** राजस्थान का अणु शक्ति विद्युत प्रोजेक्ट **'रावतभाटा' (चित्तौड़गढ़)** में स्थित है। इसकी स्थापना **1973** में की गई।

6. **तिमनगढ़ का किला** स्थित है-
(अ) धौलपुर (ब) जयपुर
(स) सीकर (द) करौली **(द)**

7. महाराणा प्रताप की मृत्यु कहाँ हुई?
(अ) चित्तौड़गढ़ (ब) ओसियां
(स) चावंड (द) हल्दीघाटी **(स)**

8. राजस्थान का तकनीकी विश्वविद्यालय कहाँ स्थित है?
(अ) सीकर (ब) झुंझुनूं
(स) कोटा (द) जोधपुर **(स)**

9. निम्न में से कौनसा ऊर्जा का गैर-परम्परागत स्रोत है?
(अ) बायो गैस (ब) अणु शक्ति
(स) कोयला (द) जल विद्युत **(अ)**

**व्याख्या-** ज्ञातव्य है कि **अणु शक्ति, कोयला (तापीय ऊर्जा)**, **जल विद्युत** आदि ऊर्जा के **परम्परागत स्रोत** हैं।

10. राजस्थानी चित्रकला का उद्‌गम किस शैली से माना जाता है?
(अ) गुजरात शैली (ब) अपभ्रंश शैली
(स) गुलेर शैली (द) कांगड़ा शैली **(ब)**

**व्याख्या-** राजस्थानी चित्रशैली का विकास **'15वीं से 16वीं शताब्दी'** के मध्य हुआ माना जाता है। राजस्थानी चित्रकला का उद्‌गम स्थल 'मेवाड़' माना जाता है।

11. राजस्थान की कौनसी जाति पूर्वी भाग में अधिक पाई जाती है?
(अ) मीणा (ब) भील
(स) गरासिया (द) सहरिया **(अ)**

12. **कालीबंगा सभ्यता** किस नदी के समीप विकसित हुई?
(अ) सरस्वती (ब) गंगा
(स) चम्बल (द) रावी **(अ)**

13. राज्य का कौनसा क्षेत्र **डांग क्षेत्र** के रूप में जाना जाता है?
(अ) टोंक-भीलवाड़ा (ब) करौली-धौलपुर
(स) बाड़मेर-जैसलमेर (द) जयपुर-अजमेर **(ब)**

14. जयपुर के निर्माण से संबंधित वास्तुकार हैं-
(अ) उस्ताद ईसा खाँ (ब) मण्डन
(स) विद्याधर भट्टाचार्य (द) अहमद लाहौरी **(स)**

**व्याख्या-** ज्ञातव्य है कि जयपुर की स्थापना कछवाहा वंश के शासक **'सवाई जयसिंह द्वितीय'** (1700-1743 ई.) ने **'18 नवम्बर, 1727 ई.'** को की। यह शहर नवनिधियों के आधार पर नौ चौकड़ियों में विभाजित किया गया है। जयपुर शहर की नींव **'राजगुरु पं. जगन्नाथ'** द्वारा रखी गई।

☞ ज्ञातव्य है कि 'औरंगजेब' ने जयसिंह को सवाई की उपाधि प्रदान की। सवाई जयसिंह **'अश्वमेध यज्ञ'** करने वाले (1740 ई. में) **अंतिम हिन्दू शासक** थे। इन्होंने **दो अश्वमेध** यज्ञ किए।

☞ इन्होंने **1734 ई.** में **'जयपुर'** में ग्रह-नक्षत्र वैधशाला बनवाई। **'दिल्ली, उज्जैन, बनारस (वाराणसी)'** व **मथुरा** में भी **वैधशाला** बनवायी।

15. **बौद्ध मंदिर** के स्मारक किस स्थान पर स्थित है?
(अ) आबू (ब) अजमेर
(स) बैराठ (द) जोधपुर **(स)**

16. **सहेलियों की बाड़ी** स्थित है-
(अ) जयपुर (ब) चित्तौड़गढ़
(स) उदयपुर (द) नागौर **(स)**

17. खरीफ की फसल कब बोई जाती है?
(अ) मार्च- अप्रेल में (ब) जून-जुलाई में
(स) अक्टूबर- नवम्बर में (द) जनवरी-फरवरी में **(ब)**

**व्याख्या-** ज्ञातव्य है कि रबी की फसल की बुवाई **अक्टूबर-नवम्बर** में होती है।

18. निम्नलिखित में से **असुमेलित युग्म** छांटिए-

| **अभयारण्य** | | **अवस्थिति** |
|---|---|---|
| (अ) सीतामाता अभयारण्य | - | उदयपुर |
| (ब) राष्ट्रीय चम्बल अभयारण्य | - | कोटा |
| (स) अमृता देवी कृष्ण मृग पार्क | - | जोधपुर |
| (द) कनक सागर पक्षी अभयारण्य | - | दूगारी (बूंदी) **(अ)** |

**व्याख्या-** 'सीतामाता अभयारण्य' **चित्तौड़गढ़** व **प्रतापगढ़** में स्थित है।

19. **बेड़च नदी** का दूसरा नाम है-
(अ) लूनी (ब) बनास
(स) आयड़ (द) चम्बल **(स)**

20. राजस्थान विधान सभा में कितने सदस्य निर्वाचित होते हैं?
(अ) 120 (ब) 200
(स) 250 (द) 110 **(ब)**

21. प्रसिद्ध **शीतला माता मेला** कहाँ भरता है?
(अ) नोखा (ब) मेड़ता
(स) तिलवाड़ा (द) चाकसू **(द)**

22. राजस्थान में बहुधा अकाल एवं सूखे का आधारभूत कारण है-
(अ) अनियमित, अपर्याप्त एवं अनिश्चित वर्षा
(ब) मिट्टी व वनों का अवक्रमण
(स) अवैज्ञानिक ढंग से पानी का प्रयोग
(द) सिंचाई साधनों की कमी **(अ)**

23. **'वालरा कृषि'** राज्य में मुख्यतः कहाँ पर की जाती है?
(अ) बीकानेर- जैसलमेर (ब) सीकर- झुंझुनूं
(स) कोटा-बूंदी (द) डूंगरपुर-बांसवाड़ा **(द)**

**व्याख्या-**राजस्थान में अरावली के दक्षिण-पश्चिमी भागों में भील, गरासिया, डामोर आदि आदिवासियों द्वारा पहाड़ी ढलानों पर वनों को काटकर या जलाकर खेती योग्य भूमि बनाई जाती है। इसे **वालरा खेती** कहते हैं। इस स्थानान्तरणशील खेती को **पूर्वोत्तर भारत** में **झूमिंग कृषि** कहते हैं।

24. राजस्थान को दो स्पष्ट प्रदेशों में विभाजित करने वाली **सम वर्षा रेखा** का नाम क्या है?
(अ) 25 सेमी. सम वर्षा रेखा (ब) 50 सेमी. सम वर्षा रेखा
(स) 100 सेमी. सम वर्षा रेखा (द) 20 सेमी. सम वर्षा रेखा **(ब)**

25. **किशनगढ़** के विश्व प्रसिद्ध **बणी-ठणी** चित्र के चित्रकार का नाम है-
(अ) निहालचंद (ब) सांवत सिंह
(स) किशन सिंह (द) जगमल **(अ)**

1. राज्य की सबसे बड़ी दो जन-जातियाँ हैं-
(अ) मीणा व भील (ब) मीणा व गरासिया
(स) भील व गरासिया (द) मीणा व सहरिया **(अ)**

**व्याख्या**-राजस्थान की जन-जातियों में जनसंख्या की दृष्टि से **मीणा** जनजाति का **प्रथम स्थान** (लगभग **49%**) है, जबकि **भील** जनजाति का राजस्थान में **द्वितीय स्थान** है

☞ ज्ञातव्य है कि मीणा शब्द का शाब्दिक अर्थ **मछली** होता है। भील **द्रविड़ भाषा** का शब्द है और इसका शाब्दिक अर्थ **तीर चलाने वाला** व्यक्ति है।

2. वे खनिज कौनसे हैं, जिनके उत्पादन में राजस्थान का प्रथम स्थान है?
1. सीसा-जस्ता 2. टंगस्टन 3. चांदी
4. रॉक फॉस्फेट 5. जिप्सम 6. पन्ना
7. तामड़ा (गारनेट) 8. घीया पत्थर (सोप स्टोन)
9. संगमरमर 10. ऐस्बेस्टॉस
(अ) 1, 4, 5, 9
(ब) 12, 4, 5, 8, 9
(स) 1, 2, 3, 4, 5, 8, 9
(द) उपर्युक्त सभी सत्य **(द)**

3. राजस्थान की किस जाति के लोगों ने जो योगदान वनों एवं वन्य जीवों को बचाने में दिया है, वह अविस्मरणीय है?
(अ) रामस्नेही (ब) विश्नोई
(स) निरंजनी (द) परनामी **(ब)**

4. राजस्थान के किस जिले में **'रन'(Rann)** का बाहुल्य है?
(अ) गंगानगर (ब) बीकानेर
(स) जैसलमेर (द) बाड़मेर **(स)**

5. सांभर, डीडवाना व पचपदरा आदि खारी झीलें किस सागर के अवशेष हैं?
(अ) टेथिस सागर (ब) फाय सागर
(स) फतेह सागर (द) अरब सागर **(अ)**

6. 1991-2001 के दशक में भारत के सभी राज्यों एवं केन्द्र शासित प्रदेशों में साक्षरता दर में वृद्धि के दृष्टिकोण से राजस्थान का कौनसा स्थान रहा?
(अ) प्रथम (ब) द्वितीय
(स) तृतीय (द) चतुर्थ **(अ)**

**व्याख्या**- 1991 की जनगणना के अनुसार राजस्थान की कुल साक्षरता दर **38.55%** थी, जबकि 2001 की जनगणना के अनुसार कुल साक्षरता दर **60.41%** है। इस प्रकार इस दशक में कुल **21.86%** वृद्धि दर्ज की गई। साक्षरता-दर (2001) की दृष्टि से राजस्थान का राज्यों में **23वां** स्थान है। राजस्थान से कम साक्षरता-दर वाले राज्य क्रमशः (अधिक से कम के क्रम में) उत्तर प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर, झारखण्ड एवं बिहार (अंतिम स्थान) है। राजस्थान में **1991-2001** के दशक में साक्षरता दर में **सर्वाधिक** वृद्धि वाला जिला **बाड़मेर** है।

7. **फोसिल्स वुड पार्क** कहाँ स्थित है?
(अ) अजमेर
(ब) जैसलमेर
(स) बाड़मेर
(द) बाँसवाड़ा **(ब)**

8. राजस्थान राज्य की मुख्य फसल है-
(अ) ज्वार (ब) चावल
(स) बाजरा (द) गेहूँ **(स)**

9. राजस्थान में **छप्पनिया अकाल** किस वर्ष पड़ा?
(अ) 1956 शक संवत्
(ब) 1956 ई.
(स) 1956 वि.सं.
(द) इनमें से कोई नहीं **(स)**

10. अरावली पर्वत शृंखला किस प्रकार की पर्वत शृंखला है?
(अ) भ्रशोत्थ पर्वत शृंखला
(ब) वलित पर्वत शृंखला
(स) अवशिष्ट पर्वत शृंखला
(द) गुम्बदाकार पर्वत शृंखला **(ब)**

**व्याख्या**- अरावली विश्व की प्राचीनतम **मोड़दार (वलित)** पर्वत श्रेणी मानी जाती है। पालनपुर (गुजरात) से दिल्ली तक विस्तृत अरावली पर्वत शृंखला की कुल लम्बाई **692 किमी**. है, राजस्थान में यह **550 किमी**. लम्बी है।

☞ अरावली शृंखला की चौड़ाई व ऊंचाई दक्षिण-पश्चिम में अधिक, उत्तर-पूर्व में कम है।

☞ यह प्रदेश राज्य के कुल भाग लगभग **9%** है तथा यहां राज्य की लगभग **10%** जनसंख्या निवास करती है।

11. विश्व रिकॉर्ड के संदर्भ में कौनसा **युग्म असुमेलित** है?
(अ) सबसे गहरी झील - टिटिकाका (बोलीविया)
(ब) सबसे बडा डेल्टा - सुन्दरवन (प. बंगाल, भारत)
(स) सबसे बड़ा रेलवे प्लेटफार्म - खड़गपुर (प. बंगाल, भारत)
(द) सबसे बड़ा ज्वालामुखी - मोनालिया (हवाईद्वीप) **(अ)**

**व्याख्या**- विश्व की सबसे **गहरी झील 'बैकाल झील' (साइबेरिया)** है, जबकि **'टिटिकाका झील' (बोलीविया)** विश्व की **सबसे ऊंचाई** पर अवस्थित झील है।

12. **प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार** विजेता हैं-
(अ) ताराशंकर बन्धोपाध्याय (1966)
(ब) गोविन्द शंकर कुरुप (1965)
(स) सुमित्रानन्दन पंत (1968)
(द) फिराक गोरखपुरी (1969) **(ब)**

**व्याख्या**-प्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार **मलयालम भाषा** के **जी. शंकर कुरूप** को प्राप्त हुआ। इस पुरस्कार का संचालन ज्ञानपीठ ट्रस्ट और टाइम्स ऑफ इण्डिया समूह द्वारा होता है। यह पुरस्कार भारत के संविधान में वर्णित **22 भाषाओं** में दिया जाता है।

☞ ज्ञातव्य है कि यह पुरस्कार अब तक सर्वाधिक **7-7 बार हिन्दी** और **कन्नड़** भाषा में दिया जा चुका है।

☞ हिन्दी भाषा में सर्वप्रथम ज्ञानपीठ पुरस्कार प्राप्तकर्ता **सुमित्रानंदन पंत** हैं, जिन्हें 1968 में उनकी रचना **'चिदम्बरा'** के लिए यह पुरस्कार प्राप्त हुआ।

☞ वर्ष 2006 का **'ज्ञानपीठ पुरस्कार'** संयुक्त रूप से विद्वान **रवीन्द्र केलकर** (कोंकणी भाषा) और **सत्यव्रत शास्त्री** (संस्कृत भाषा) को प्रदान किया गया।

☞ ज्ञातव्य है कि वर्ष **2007** का ज्ञानपीठ पुरस्कार **मलयालम भाषा** के प्रसिद्ध साहित्यकार और कवि **ओ.एन.वी. कुरूप** प्रदत्त किया गया है। कुरूप **मलयालम भाषा के 5वें** साहित्यकार हैं।

☞ वर्ष **2008 का** ज्ञानपीठ पुरस्कार **उर्दू** के शायर **अखलाक मोहम्मद खान उर्फ शहरयार** को प्रदत्त किया गया है। उर्दू साहित्य में **फिराक गोरखपुरी, कुर्रतुल एन. हैदर** और **अली सरदार जाफरी** के बाद यह **चौथे** विजेता हैं।

13. आयोडीन युक्त लवण में होता है-
(अ) मुक्त आयोडीन
(ब) कैल्सियम आयोडायड
(स) मैग्नीशियम आयोडायड
(द) पोटैशियम आयोडायड **(द)**

14. निम्नलिखित में से कौनसा युग्म **सुमेलित नहीं** है?
(अ) नेताजी सुभाष चन्द्र बोस इंस्टीट्यूट ऑफ स्पोर्ट्स - पटियाला
(ब) भारतीय फिल्म व टेलीविजन संस्थान - पूना
(स) इन्दिरा गाँधी राष्ट्रीय मानव संग्रहालय - भोपाल
(द) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद - कोलकाता **(द)**

**व्याख्या**- राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद **'नई दिल्ली'** में स्थित है।

15. निम्नलिखित में से **गलत युग्म** छांटिए-
(अ) भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग - देहरादून
(ब) भारतीय पुरातात्विक सर्वेक्षण विभाग - नई दिल्ली

16. राजस्थान में **बलुई मिट्टी** (Sandy Soil) पाई जाती है-
(अ) माही बेसिन में (ब) हाड़ौती के पठार पर
(स) अरावली के पर्वत में (द) थार मरूस्थली क्षेत्र में **(द)**

1. **'ग्रीन पीस इंटरनेशनल'** है-
(अ) विश्वशान्ति बहाल रखने की एक योजना
(ब) अन्तरिक्ष शोध क्षेत्र में कार्यरत एक संगठन
(स) पर्यावरण संरक्षण क्षेत्र में कार्यरत एक संस्था
(द) समुद्री अनुसंधान क्षेत्र में कार्यरत एक संस्था **(स)**

**व्याख्या-** ग्रीनपीस एक गैर सरकारी **पर्यावरणीय संगठन** है। इसकी स्थापना **1971** में हुई थी। इसका मुख्यालय **एमस्टर्डम (नीदरलैण्ड)** में है।

2. मदर टेरेसा (मूल नाम- **एग्नेस गोंझा बोजाक्सयु**) किस देश की मूल निवासी थी?
(अ) अल्बानिया (ब) अल्जीरिया
(स) अल-सल्वाडोर (द) भारत **(अ)**

**व्याख्या-** मदर टेरेसा का जन्म अल्बेनीयाई परिवार में **उस्कुब,** ओटोमन साम्राज्य (आज का सोप्जे, **मेसेडोनिया** गणराज्य) में हुआ। मदर टेरेसा ने **मिशनरीज ऑफ चैरिटी** की स्थापना **1950** में **कलकत्ता** में की। उन्होंने 1979 में **नोबेल शान्ति पुरस्कार** और **1980** में **भारत रत्न** प्राप्त किया।

3. निम्नलिखित में से **असुमेलित युग्म** छांटिए-
(अ) एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल - विलियम जोन्स
(ब) सत्य शोधक समाज - दयानन्द सरस्वती
(स) यंग बंगाल आन्दोलन - हेनरी विवियन डेरोजियो
(द) खुदाई खिदमतगार (लाल कुर्ती दल) - खान अब्दुल गफ्फार खाँ **(स)**

**व्याख्या-** 'सत्य शोधक समाज' के संस्थापक **ज्योतिबा फूले** थे। इन्होंने **1873 ई.** में इसकी स्थापना महाराष्ट्र में की। ज्योतिबा फूले ने **गुलामगिरी** नामक पुस्तक की रचना भी की। सत्यशोधक समाज का मुख पत्र **'दीनबंधु'** था।

☞ ज्ञातव्य है कि **'सर विलियम जोन्स'** ने एशियाटिक सोसायटी ऑफ बंगाल की स्थापना **1784** में हुई।

☞ ज्ञातव्य है कि डेरोजियो को आधुनिक भारत का **प्रथम राष्ट्रवादी कवि** कहा जाता है। डेरोजियो की तुलना सत्य का अनुसरण करने के कारण **सुकरात** से भी की जाती है। इनके पिता पुर्तगाली व माँ भारतीय थी।

☞ ज्ञातव्य है कि खान अब्दुल गफ्फार खाँ जिन्हें **'सीमान्त गाँधी'** भी कहा जाता है, ने पश्चिमोत्तर सीमा प्रान्त में सविनय अवज्ञा आन्दोलन चलाया। सीमान्त गाँधी को **'बादशाह खान'** भी कहा जाता है।

☞ ज्ञातव्य है कि अभी तक केवल दो ही भारत से बाहर के व्यक्तियों को भारत रत्न से नवाजा गया है। उनमें प्रथम है **खान अब्दुल गफ्फार खाँ** (पाकिस्तान-1987), द्वितीय हैं- **नेल्सन मण्डेला** (द. अफ्रीका-1990)।

4. निम्नलिखित में से **असुमेलित युग्म** छांटिए-

| | **बन्दरगाह** | | **राज्य** |
|---|---|---|---|
| (अ) | कांदला | - | गुजरात |
| (ब) | मार्मोगोवा | - | गोवा |
| (स) | विशाखापट्टनम | - | तमिलनाडु |
| (द) | हल्दिया | - | प. बंगाल **(स)** |

**व्याख्या-** **विशाखापट्टनम** बन्दरगाह **आन्ध्रप्रदेश** में स्थित है।

5. निम्नलिखित में से कौनसा **युग्म असुमेलित** है?

| | **नदी घाटी परियोजना** | | **जिस नदी पर स्थित है** |
|---|---|---|---|
| (अ) | नागार्जुन सागर परियोजना | - | कृष्णा |
| (ब) | सरदार सरोवर परियोजना | - | नर्मदा |
| (स) | हीराकुण्ड परियोजना | - | दामोदर |
| (द) | टिहरी बाँध परियोजना | - | भीलंगाना व भागीरथी **(स)** |

**व्याख्या-** हीराकुण्ड परियोजना **'महानदी'** पर स्थित है।

6. गाँधीजी के राजनीतिक गुरु थे-
(अ) गोपाल कृष्ण गोखले (ब) एम.जी. रानाडे
(स) केशवचन्द्र सेन (द) स्वामी विवेकानन्द **(अ)**

**व्याख्या-** गोपाल कृष्ण गोखले के राजनीतिक गुरु **'महादेव गोविन्द रानाडे'** थे।

7. **'भारत का शेक्सपियर'** कहलाता है-
(अ) मुहणोत नैणसी (ब) अबुल फजल
(स) प्रेमचन्द (द) कालिदास **(द)**

**व्याख्या-** **गुप्तकाल** में संस्कृत के महान विद्वान कालीदास हुए। कालीदास रचित **ऋतुसंहार** और **मेघदूत खण्डकाव्य** तथा **कुमार सम्भव** और **रघुवंश महाकाव्य** हैं। उनके द्वारा रचित **तीन नाटक** हैं- विक्रमोर्वशीय, मालविकाग्निमित्र और अभिज्ञानशाकुन्तलम् (कालिदास की सर्वश्रेष्ठ रचना)।

☞ ज्ञातव्य है कि **प्रेमचन्द** का वास्तविक नाम **धनपतराय** था। प्रेमचन्द ने उर्दू में नवाबराय से **सौज-ए-वतन** लिखी। **अप्रेल, 1936 ई.** में लखनऊ में **प्रगतिशील लेखक संघ** के पहले अधिवेशन की अध्यक्षता **मुंशी प्रेमचंद** ने की।

☞ ज्ञातव्य है कि **मुंशी देवीप्रसाद** ने **'मुहणोत नैणसी'** को **राजस्थान** का **अबुल फजल** कहा है।

☞ ज्ञातव्य है कि अकबर के शासन काल में शाहजादा सलीम (जहाँगीर) ने **1602 ई.** में ओरछा सरदार **वीर सिंह देव बुन्देला** द्वारा **अबुल फजल की हत्या** करवा दी।

8. आयरलैण्ड मूल की स्वामी विवेकानन्द की उस शिष्या का क्या नाम था जिसने रामकृष्ण मिशन के उद्देश्यों का प्रचार-प्रसार किया था?
(अ) एनीबेसेन्ट (ब) मीराबेन
(स) निवेदिता (मार्गरेट नोबल) (द) अल्फांसो **(स)**

**व्याख्या-मार्गरेट एलिजाबेथ नोबेल** का जन्म **28 अक्टूबर, 1867 ई.** को **आयरलैण्ड** में हुआ था। 1895 ई. में लंदन में उनकी मुलाकात विवेकानन्द से हुई। वह विवेकानन्द के व्यक्तित्व से प्रभावित हुई और 1898 ई. में भारत आकर इसी देश को कर्मभूमि बना लिया। **विवेकानन्द** ने उन्हें नया नाम **'निवेदिता'** दिया। सिस्टर निवेदिता के रवीन्द्रनाथ टैगोर, जगदीश चन्द्र बसु, नन्दलाल बोस, रमेशचन्द्र दत्त और यदुनाथ सरकार जैसे महान् विद्वानों से सम्पर्क थे।

☞ ज्ञातव्य है कि **मीराबेन** का जन्म 1892 ई. में **इंग्लैण्ड** में हुआ था। उनका वास्तविक नाम **मेडलीन स्लेड (Madeleine Slade)** था। **गांधीजी के आश्रम** में आकर इन्होंने राष्ट्र सेवा की। 1932 ई. के द्वितीय गोलमेज सम्मेलन में गांधीजी के साथ दुभाषिया के रूप में कार्य किया। मीराबेन ने 1942 के आन्दोलन में भाग लिया और गिरफ्तारी दी। वे **चिपको आन्दोलन** से भी जुड़ी, लेकिन स्वयं के खराब स्वास्थ्य को देखते हुए 1959 में आस्ट्रिया में बसने का फैसला किया। उन्हें **पद्म विभूषण** से सम्मानित किया गया। 1982 में उनका निधन हो गया।

9. निम्नलिखित में से **असुमेलित युग्म** कौनसा है?
(अ) हिन्दी दिवस - 14 सितम्बर
(ब) शिक्षक दिवस - 5 अक्टूबर
(स) विश्व जनसंख्या दिवस - 11 जुलाई
(द) विश्व महिला दिवस - 8 मार्च **(ब)**

**व्याख्या-** **'शिक्षक दिवस' 5 सितम्बर** को मनाया जाता है।

10. 1927 के **'साइमन कमीशन'** का बहिष्कार किया गया, क्योंकि-
(अ) कमीशन में कोई भारतीय सदस्य नहीं था
(ब) सदस्यों के बीच मतभेद था
(स) यह मुस्लिम का समर्थन करता था
(द) कांग्रेस का विचार था कि भारतवासियों को स्वराज्य मिलना चाहिए। **(अ)**

**व्याख्या-** साइमन कमीशन का अध्यक्ष **'सर जॉन साइमन'** था। कमीशन में कुल **7 सदस्य** थे।

11. **'महाभारत'** के फारसी अनुवाद का शीर्षक है-
(अ) अनवार-ए-सुहेली (ब) हश्त-बहिश्त
(स) रज्मनामा (द) अयार दानिश **(स)**

**व्याख्या-** महाभारत का **रज्मनामा** नाम से अनुवाद मुल्ला शेरी, नकीब खाँ, सुल्तान हाजी, बदायूँनी आदि ने किया। इस अनुवाद का कार्य **फैजी के निरीक्षण** में सम्पन्न हुआ। **फैजी** अकबर का **राजकवि** भी था।

☞ ज्ञातव्य है कि **पंचतंत्र** का फारसी अनुवाद **अनवार-ए-सुहेली** नाम से **अबुल फजल** ने किया जबकि पंचतंत्र का **अरबी** अनुवाद **कालीला** एवं **दिमना** या फिर **अयार-ए-दानिश** कहलाता है जो अबुल फजल ने किया था।

12. **'राष्ट्रीय विकास परिषद'** का गठन किस वर्ष किया गया?
(अ) 1948 (ब) 1950
(स) 1952 (द) 1956 **(स)**

**व्याख्या-**राष्ट्रीय विकास परिषद एक **संविधानेत्तर (Extra Constitutional) संस्था** है, जिसकी स्थापना **1952** में योजना आयोग के अनुषंग के रूप में की गई। प्रधानमंत्री और राज्यों के मुख्यमंत्री से मिलकर बनी इस परिषद का उद्देश्य योजना के समर्थन में प्रयत्नों को गति प्रदान करना, संसाधनों का उचित उपयोग करना और देश के सभी भागों का संतुलित एवं त्वरित विकास सुनिश्चित करना है। **प्रधानमंत्री** इसके **अध्यक्ष** होते हैं।

13. भारत का प्रमुख खाद्यान है-
(अ) गेहूं (ब) चावल
(स) बाजरा (द) मक्का **(ब)**

14. निम्नलिखित में से **सत्य विकल्पों** का चयन कीजिए-

| **लोकप्रिय नाम** | | **वास्तविक नाम** |
|---|---|---|
| 1. पंजाब केशरी | - | लाला लाजपतराय |
| 2. महामना | - | पं. मदन मोहन मालवीय |
| 3. शहीद-ए- आजम | - | भगतसिंह |
| 4. भारत कोकिला | - | सरोजिनी नायडू |
| 5. लोकहितवादी | - | गोपाल हरि देशमुख |

(अ) 1, 3 (ब) 1, 3, 4
(स) 1, 2, 3, 4 (द) उपर्यक्त सभी सत्य **(द)**

15. अक्षांश से लगभग कितने किलोमीटर प्रदर्शित होते हैं?
(अ) 11 किमी (ब) 111 किमी
(स) 211 किमी (द) 311 किमी **(ब)**

**व्याख्या-** $1^{0}$ अक्षांश की दूरी लगभग **111.32 किमी.** होती है।

☞ दो देशान्तरों के बीच समयान्तर **4 मिनट** का होता है। कुल देशान्तर 360 होते हैं। अतः 360X4=1440 मिनट या 1440/60 = 24 घंटे।